# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## बुधवार, 02 सितम्बर, 2026/11, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न - 40**

----

**हिमकेयर / आयुष्मान भारत योजना**

1870 **डॉ0 हंस राज (चुराह) :**
**श्री आर.एस. बाली (नगरोटा) :**
**डॉ0 जनक राज (भरमौर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में हिमकेयर योजना के अंतर्गत उपचार सुविधा वर्तमान में पूर्ण रूप से उपलब्ध है; यदि नहीं, तो किन-किन सरकारी अस्पतालों में किस कारण से बंद/सीमित है तथा इसे पूर्ण रूप से बहाल करने की समय-सीमा क्या है;

(ख) क्या सरकार हिमकेयर योजना को अधिक प्रभावी बनाने हेतु कोई पग उठा रही है; यदि हां, तो प्रस्तावित उपाय एवं समय-सीमा क्या है; यदि नहीं, तो कारण;

(ग) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2026 तक इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल तथा डॉ0 आर0पी0जी0एम0सी0 टांडा की रोगी कल्याण समितियों को हिमकेयर एवं आयुष्मान भारत योजना के तहत वर्षवार कितनी धनराशि प्राप्त हुई; स्वीकृत, अस्वीकृत एवं लंबित दावों तथा बकाया भुगतान का समितिवार एवं वर्षवार ब्यौरा दें; और

(घ) इस अवधि में दोनों समितियों के कितने दावे लंबित/अस्वीकृत रहे तथा बकाया/लंबित भुगतान के क्या कारण हैं; लंबित दावों एवं भुगतान का निस्तारण कब तक कर दिया जाएगा?

----

## नशाखोरी

**1871 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश के युवाओं में बढ़ती नशाखोरी को रोकने हेतु पुलिस एवं प्रशासन द्वारा किस स्तर पर विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं; जिलावार ब्यौरा दें?

----

## औद्योगिक निवेश

**1872 डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में नए औद्योगिक निवेश को आकर्षित करने हेतु किन-किन कम्पनियों के साथ करार किए गए हैं; इनसे कितना रोज़गार सृजित होने का अनुमान है; ब्यौरा दें?

----

## वाइल्ड फ्लावर हॉल होटल

**1873 श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) शिमला स्थित वाइल्ड फ्लावर हॉल होटल का मूल निर्माण कब तथा किसके द्वारा करवाया गया तथा इसके निर्माण व स्वामित्व/प्रबंधन का ऐतिहासिक ब्यौरा दें; इसका संचालन किस संस्था/कम्पनी द्वारा किया जा रहा है; इस संपत्ति के संबंध में माननीय सर्वोच्च न्यायालय अथवा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा कोई आदेश/निर्णय पारित किए गए हैं; यदि हां, तो आदेश/निर्णय की तिथि एवं मुख्य निर्देशों सहित ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार द्वारा इस होटल को लीज़ पर देने का कोई प्रस्ताव/निर्णय लिया गया है; यदि हां, तो लीज़ की अवधि, प्रीमियम/किराया, अन्य शर्तों एवं चयन प्रक्रिया का ब्यौरा दें; लीज़ लेने हेतु किस-किस कम्पनी/संस्था ने आवेदन/प्रस्ताव प्रस्तुत किए, उनका नाम, आवेदन की तिथि एवं प्रस्तावित शर्तों सहित तथा इस संबंध में जारी निविदा, आवेदन, मूल्यांकन, समझौता, लीज़ डीड तथा संबंधित सभी दस्तावेजों की प्रमाणित प्रतियों सहित ब्यौरा दें?

----

## आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र

1874 **श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक सुलह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने राजकीय आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केन्द्र बंद किए गए; बंद किए गए प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र का नाम, स्थान, बंद करने की तिथि एवं कारण सहित ब्यौरा दें; और

(ख) क्या इन स्वास्थ्य केन्द्रों को बंद करने से पूर्व मंत्रिमंडल अथवा वित्त विभाग की स्वीकृति प्राप्त की गई थी; यदि हां, तो स्वीकृति की तिथि एवं आदेश संख्या का ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो बिना स्वीकृति के संस्थान बंद करने का प्रशासनिक/कानूनी आधार क्या था तथा बंद किए गए संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों/चिकित्सकों एवं उपलब्ध भवनों का उपयोग किस कार्य हेतु किया जा रहा है; ब्यौरा दें?

----

## नियमितीकरण

1875 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आउटसोर्स, पैरा-मेडिकल कर्मचारियों, पंप ऑपरेटरों व अन्य अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो इन्हें नियमित करने हेतु सरकार द्वारा क्या नीति/ प्रावधान प्रस्तावित है तथा इन्हें नियमित करने की प्रक्रिया कब तक पूर्ण कर ली जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## राजस्व

1876 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश के आबकारी एवं कराधान विभाग को वर्षवार कितना राजस्व प्राप्त हुआ; वित्तीय वर्षवार राजस्व में वृद्धि/कमी तथा उसके कारणों का ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में शराब कारोबार से प्राप्त आबकारी राजस्व, लाइसेंस फीस एवं अन्य शुल्कों का वर्षवार ब्यौरा दें;

(ग) वर्तमान आबकारी/शराब नीति के तहत शराब कारोबार से प्रदेश सरकार को प्राप्त कुल राजस्व तथा निर्धारित राजस्व लक्ष्य का ब्यौरा दें;

(घ) इस अवधि में शराब विक्रेताओं/वेंडरों के कितने प्रकरण डिफाल्टर रहे तथा उन पर कितनी राशि बकाया है; वर्षवार एवं जिलावार ब्यौरा दें; और

(ङ) डिफाल्टर वेंडरों से बकाया राजस्व की वसूली हेतु विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई है तथा कितनी राशि वसूल की जा चुकी है; ब्यौरा दें?

----

## वित्तीय भार

1877 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा बिजली उपभोक्ताओं पर लगाए गए सभी प्रकार के चार्ज/शुल्क से उपभोक्ताओं पर कितना अतिरिक्त वित्तीय भार पड़ा है; ब्यौरा दें?

----

## शिक्षकों के रिक्त पद

1878 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत, भरे एवं रिक्त हैं; विद्यालयवार ब्यौरा दें; इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## रिक्त पद

1879 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत वन विभाग के विभिन्न वन मंडलों, वन परिक्षेत्रों एवं अन्य कार्यालयों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत, भरे एवं रिक्त हैं; कार्यालयवार एवं पदवार ब्यौरा दें; इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र में जाइका परियोजना के अंतर्गत कितने पद स्वीकृत, भरे एवं रिक्त हैं; कार्यालयवार एवं पदवार ब्यौरा दें; और

(ग) क्या वन विभाग एवं जाइका परियोजना के तहत रिक्त पदों को भरने हेतु कोई प्रक्रिया/कार्रवाई की जा रही है; यदि हां, तो पदवार एवं कार्यालयवार वर्तमान स्थिति तथा रिक्त पदों को भरने की संभावित समय-सीमा सहित ब्यौरा दें?

----

## जल शक्ति विभाग

1880 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग द्वारा पेयजल, सिंचाई, जल संरक्षण एवं जल संचयन, सीवरेज एवं मल-जल प्रबंधन, जल निकासी, जल स्रोतों के विकास/संवर्धन, पाइपलाइन एवं वितरण व्यवस्था तथा अन्य योजनाओं के अंतर्गत कितने कार्य/योजनाएं स्वीकृत की गईं; प्रत्येक योजना/ कार्य का नामवार, स्थानवार, स्वीकृति वर्ष व स्वीकृत धनराशि सहित ब्यौरा दें;

(ख) इन योजनाओं/ कार्यों हेतु स्वीकृत धनराशि में से कितनी व्यय की गई तथा कितनी शेष है; योजना/ कार्यवार ब्यौरा दें;

(ग) इन योजनाओं/ कार्यों में से कितने पूर्ण हो चुके हैं, कितने निर्माणाधीन हैं तथा कितने आरंभ नहीं हुए हैं; प्रत्येक योजना/ कार्य का नामवार, स्थानवार व अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें; और

(घ) जिन योजनाओं के कार्य लंबित हैं, उनके लंबित रहने के कारण तथा पूर्ण करने की संभावित समय-सीमा सहित ब्यौरा दें?

----

## नाबार्ड योजनाएं

1881 **श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक नाबार्ड के तहत विधायक प्राथमिकता योजनाओं में से विभिन्न योजनाओं की डी0पी0आर0 तैयार करने हेतु कितने प्रस्ताव सरकार/संबंधित विभागों को भेजे गए हैं तथा इस अवधि में कितनी योजनाओं की डी0पी0आर्ज0 तैयार करने हेतु प्रस्तावित किया गया;

(ख) इस अवधि में कितनी डी0पी0आर्ज0 तैयार की गई हैं तथा कितनी लंबित हैं; तैयार की गई प्रत्येक डी0पी0आर0 की योजना का नाम, विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, संबंधित विभाग, अनुमानित लागत तथा डी0पी0आर0 तैयार/प्रस्तुत करने की तिथि सहित वर्षवार ब्यौरा दें;

(ग) जिन योजनाओं की डी0पी0आर्ज0 तैयार की जा चुकी हैं, उनमें से कितनी योजनाओं को नाबार्ड से वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है तथा कितनी योजनाओं की स्वीकृति लंबित है; योजनावार ब्यौरा दें; और

(घ) जिन योजनाओं की डी0पी0आर्ज0 तैयार करने हेतु प्रस्ताव किया गया था, परंतु उनकी डी0पी0आर्ज0 तैयार नहीं की गई हैं; उनका योजनावार तथा डी0पी0आर्ज0 लंबित रहने के कारणों सहित ब्यौरा दें?

----

## तीन प्रतिशत खेल कोटा

1882 **श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक विभिन्न विभागों द्वारा 3 प्रतिशत खेल कोटे के अंतर्गत विभिन्न पदों को भरने हेतु विभाग को कितने मांग-पत्र प्राप्त हुए हैं; इस अवधि में किन-किन विभागों द्वारा किन-किन पदों को भरने हेतु मांग-पत्र भेजे गए; विभागवार एवं पदवार ब्यौरा दें;

(ख) तीन प्रतिशत खेल कोटे के अंतर्गत इन पदों को भरने हेतु किन-किन खेलों से संबंधित खिलाड़ी निर्धारित शैक्षणिक एवं खेल योग्यता रखते हैं; संबंधित खेल, पद, आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं पात्र खिलाड़ियों की संख्या सहित खेलवार एवं श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(ग) इन पदों को तीन प्रतिशत खेल कोटे के तहत भरने हेतु खिलाड़ियों की पात्रता निर्धारित करने तथा योग्यता क्रमसूची/मैरिट सूची तैयार करने हेतु विभाग द्वारा कौन-कौन से मापदण्ड निर्धारित किए गए; ब्यौरा दें?

----

## Regularization

1883 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state whether the Government will consider the regularization of Home Guards; if yes, by when?

----

## हिमाचल प्रदेश रेजिलिएंट एक्शन फॉर डवलपमेंट एंड डिजास्टर रिकवरी

1884 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में हिमाचल प्रदेश रेजिलिएंट एक्शन फॉर डवलपमेंट एंड डिजास्टर रिकवरी (HP READY) योजना के अंतर्गत विद्यालयों को शामिल करने के क्या मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं; और

(ख) शाहपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कौन से विद्यालय उक्त योजना के

तहत शामिल किए गए हैं; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## Posts of Non Teaching Staff

1885 **Sh. Inder Dutt Lakhanpal (Barsar):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) name of Govt. Sr. Sec. Schools where posts of non-teaching (Ministerial staff i.e. JOA(IT)/Clerk, Sr. Asstt., Supdt. Gr-II) staff are not being sanctioned till date; Constituency-wise details be given;

(b) what are the reasons for not sanctioning posts of non-teaching staff in these Govt. Sr. Sec. Schools;

(c) due to non-availability of non - teaching staff in these schools who is doing all ministerial works of these posts; and

(d) do the Government have plan to shift or create non-teaching staff posts in these Govt.Sr.Sec. schools; if yes, by when; details be given?

----

## शिक्षकों की नियुक्ति

1886 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सी0बी0एस0ई0 शिक्षकों की नियुक्ति हेतु प्रदेश सरकार द्वारा क्या नीति बनाई गई है; अधिसूचना की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) प्रदेश में सी0बी0एस0ई0 से संबद्ध किए गए सरकारी विद्यालयों में कौन-कौन से शिक्षकीय व गैर-शिक्षकीय पद रिक्त हैं तथा सरकार इन रिक्त पदों को कब तक भरने का विचार रखती है; विद्यार्थियों की संख्या सहित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ग) यह सत्य है कि सी0बी0एस0ई0 से संबद्ध सरकारी विद्यालयों में कक्षा नौवीं की हिंदी माध्यम की कुछ पाठ्य पुस्तकें मुद्रित रूप में बाज़ार में उपलब्ध नहीं हैं; यदि हां, तो सरकार कब तक शेष पाठ्य पुस्तकों को मुद्रित रूप में उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; और

(घ) सी0बी0एस0ई0 से संबद्ध किए गए सरकारी विद्यालयों में अत्यन्त गरीब/गरीब परिवारों के बच्चों को क्या सरकार पाठ्य पुस्तकें मुद्रित रूप में निःशुल्क उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## पी0डी0एन0ए0

1887 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पी0डी0एन0ए0 के अंतर्गत केंद्र सरकार से प्रदेश सरकार को कितनी धनराशि स्वीकृत हुई तथा प्रदेश के किस जिले को कितनी धनराशि किस आधार पर आबंटित की गई है;

(ख) यह धनराशि किस विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में किस कार्य हेतु व्यय होगी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

(ग) यदि किसी जिले को यह धनराशि आबंटित नहीं की गई है, तो कारण?

----

## सी0बी0टी0 परीक्षा केन्द्र

1888 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना):**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश के सरकारी व निजी क्षेत्र में कितने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित किए जा रहे हैं; ब्यौरा संस्थानों के नाम सहित जिलावार दें;

(ख) इन संस्थानों में कौन-कौन से कोर्सिज करवाए जा रहे हैं, ब्यौरा संस्थानवार व जिलावार स्वीकृत सीटों सहित दें;

(ग) यह सत्य है कि सरकार कुछ कोर्सिज की अन्तिम परीक्षा जोकि कम्प्यूटर बेस्ड (सी0बी0टी0) होती है को सरकार सम्बन्धित सरकारी संस्थानों में इस आधार पर नहीं करवा रही है क्योंकि वहां पर इस हेतु सुविधा उपलब्ध नहीं है; और

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार सभी सरकारी संस्थानों में ये सुविधाएं उपलब्ध करवा कर वहां सी0बी0टी0 परीक्षा केन्द्र आरम्भ करवाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## ए0एम0पी0

1889 **श्री राकेश कालिया (गगरेट):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक जिला ऊना में ए0एम0पी0 मद के अंतर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की गई तथा कितनी शेष है; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें; और

(ख) यह भी सत्य है कि गगरेट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में ए0एम0पी0 मद के तहत

ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों की कोई धनराशि भुगतान हेतु लंबित है; यदि हां, तो लंबित धनराशि का ब्यौरा दें तथा इसके भुगतान की संभावित समय-सीमा क्या है?

----

## तहसील कल्याण अधिकारी

1890 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में प्रदेश में तहसील कल्याण अधिकारियों के कितने पद रिक्त हैं तथा वरिष्ठ सहायक एवं पर्यवेक्षक फीडर कैडर से पदोन्नति द्वारा इन पदों को कब तक भरे जाने की संभावना है; पात्र कर्मचारियों के नाम एवं पदनाम सहित ब्यौरा दें;

(ख) क्या उक्त रिक्त पदों को भरने हेतु वर्ष, 2026 में विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक आयोजित की गई है; यदि हां, तो कब; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) सरकार उक्त रिक्त पदों को पदोन्नति द्वारा कब तक भरने का विचार रखती है; और

(घ) वर्तमान में विभाग में अधिसूचित सहायक तहसील कल्याण अधिकारियों के कितने पद रिक्त हैं तथा इन्हें कब तक भर दिया जाएगा?

----

## रिक्त पद

1891 **श्री मलेन्द्र राजन (इन्दौरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में वन विभाग के तहत विभिन्न श्रेणियों के रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं;

(ख) वन मंडल नूरपुर के अंतर्गत विभिन्न रेंजों में वर्तमान में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने पदों पर अधिकारी/कर्मचारी कार्यरत हैं तथा कितने पद रिक्त हैं; और

(ग) क्या सरकार इन रिक्त पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरने व तैनाती करने का विचार रखती है तथा इन पदों को भरने की सम्भावित समय-सीमा सहित ब्यौरा दें?

----

## जलरक्षक

1892 **श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि जल शक्ति विभाग में कार्यरत जलरक्षकों की 8 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर उन्हें अनुबंध पर लाने संबंधी अधिसूचना जारी नहीं की गई है; यदि हां, तो कारण;

(ख) सरकार इस अधिसूचना को कब तक जारी करने का विचार रखती है; क्या इसकी कोई निश्चित समय-सीमा तय की गई है; और

(ग) क्या यह भी सत्य है कि इन जलरक्षकों को मिलने वाला मानदेय प्रतिमाह नियमित रूप से नहीं दिया जा रहा है; यदि हां, तो भुगतान में देरी के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

----

## बस रूट

1893 **श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा बस रूटों हेतु 18-सीटर (छोटी बसें) तथा इलैक्ट्रिक बसों के नए रूटों को स्वीकृत किया गया है; यदि हां, तो इन स्वीकृत बस रूटों पर बसों का संचालन कब तक शुरू कर दिया जाएगा; ब्यौरा स्वीकृत किए गए सभी नए रूटों के नाम व दूरी सहित दें?

----

## इंडोर स्टेडियम

1894 **श्री डी0 एस0 ठाकुर (डलहौजी):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) डलहौजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सलूणी में प्रस्तावित इंडोर स्टेडियम के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) इस खेल स्टेडियम के निर्माण कार्य हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत व व्यय की जा चुकी है व वर्तमान में कार्य रुकने या धीमा होने का क्या कारण है; इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## रिक्त पद

1895 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि श्री नैना देवीजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत व कितने रिक्त हैं; आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्रवार ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

1896 **श्री रणधीर शर्मा (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास विभाग में पंचायत सचिवों, तकनीकी सहायकों व रोज़गार सेवकों के कितने पद स्वीकृत हैं तथा उनमें से कितने रिक्त हैं तथा सरकार इन रिक्त पदों को भरने हेतु क्या पग उठा रही है; श्रेणीवार, विकास खण्डवार ब्यौरा दें?

----

## राजकीय महाविद्यालय झण्डुता

1897 **श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता)ः**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) राजकीय महाविद्यालय झण्डुता के विज्ञान ब्लॉक का शिलान्यास कब हुआ तथा इसका निर्माण कार्य कब आरंभ किया गया; इस हेतु प्रावधित धनराशि का ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) इस भवन का निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

----

## पेयजल बिल

1898 **श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली)ः**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत उपभोक्ताओं को पेयजल के अत्यधिक बिल प्राप्त हो रहे हैं; यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा वर्तमान में उपभोक्ताओं से किस आधार पर जल शुल्क निर्धारित एवं वसूल किया जा रहा है;

(ख) क्या सरकार द्वारा इस क्षेत्र में गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक पेयजल आपूर्ति पर बिजली, पंपिंग, रख-रखाव एवं अन्य मदों में हुए वास्तविक व्यय तथा उपभोक्ताओं से वसूल किए गए जल शुल्क का तुलनात्मक विवरण तैयार किया गया है; और

(ग) क्या सरकार उपभोक्ताओं के अत्यधिक पेयजल बिलों की जांच/सत्यापन करवाकर, गलत व अधिक बिलों को संशोधित करने तथा ग्रेविटी आधारित पेयजल योजनाओं के अनुरूप जल शुल्क के पुनर्निर्धारण का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## व्यक्तिगत वन अधिकार

1899 **श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली)ः**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत लंबे समय से वन भूमि पर काबिज पात्र परिवारों को 2 से 3 बिस्वा भूमि तक व्यक्तिगत वन अधिकार प्रदान करके उनके नाम करने के संबंध में कोई नीति अथवा प्रस्ताव पर विचार कर रही है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार पात्र कब्जाधारियों के व्यक्तिगत वन अधिकार दावों के शीघ्र निस्तारण, राजस्व अभिलेखों में अधिकार दर्ज करने तथा पात्र परिवारों को उनके अधिकार सुनिश्चित करने हेतु कोई समयबद्ध कार्य योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## हृदय रोग विभाग/कार्डियक केयर यूनिट

1900 **श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत स्थानीय निवासियों तथा प्रतिवर्ष आने वाले पर्यटकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से हृदय रोग विभाग/कार्डियक केयर यूनिट स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसके स्थान एवं कार्यान्वयन की समय-सीमा क्या है ; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) सरकार क्षेत्रीय अस्पताल मनाली में कार्डियोलॉजी विशेषज्ञ, आवश्यक उपकरण तथा कैथ लैब जैसी सुविधाएं चरणबद्ध रूप से उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## दवाइयों की आपूर्ति

1901 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला लाहौल और स्पिति के क्षेत्रीय अस्पताल केलांग, सामुदायिक अस्पताल शाशा एवं काजा तथा अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को दी जाने वाली दवाइयां क्या प्रर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं; यदि

नहीं, तो सरकार द्वारा इन दवाइयों की आपूर्ति हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

----

## राजीव गांधी डे-बोर्डिंग

1902 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला लाहौल और स्पिति हेतु कितने राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल अधिसूचित किए गए थे तथा इनमें से कितने स्कूलों का कार्य आरंभ हो चुका है तथा कितनों का शेष है; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## पी0डी0एन0ए0

1903 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्ष, 2025 की आपदा में जिला लाहौल और स्पिति में कितना नुकसान हुआ है; इस नुकसान के बदले पी0डी0एन0ए0 के तहत इस जिले को विभिन्न विभागों में कितनी धनराशि का आबंटन किया गया; प्रदेश के अन्य जिलों के नुकसान तथा इसके बदले आबंटित धनराशि सहित ब्यौरा दें?

----

## उद्यान केंद्र

1904 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत उद्यान विभाग के विषय विशेषज्ञ कार्यालय के अधीन कितने उद्यान केंद्र संचालित हैं; प्रत्येक केंद्र में स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पदों तथा तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों एवं विषय विशेषज्ञों के कार्यक्षेत्र का ब्यौरा दें;

(ख) क्या इन उद्यान केंद्रों के माध्यम से बागवानों को सब्सिडी पर कीटनाशक, फफूंदनाशक एवं अन्य दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही हैं; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक केंद्रवार वितरित दवाइयों के नाम, मात्रा, लाभार्थियों की संख्या एवं दी गई सब्सिडी का ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस अवधि में बागवानी विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, प्रशिक्षणों एवं प्रदर्शन गतिविधियों, लाभार्थियों की संख्या, वितरित सामग्री तथा व्यय धनराशि का ब्यौरा दें?

----

## अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा

1905 **श्री लोकेन्दर कुमार** (आनी):

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव 2024 एवं 2025 में दशहरा कमेटी द्वारा कितने देवी-देवताओं को आमंत्रित किया गया तथा इनमें कितने माफीदार, गैर-माफीदार एवं पंजीकृत/अपंजीकृत देवी-देवता शामिल थे;

(ख) इस अवधि में आमंत्रित देवी-देवताओं को कितनी-कितनी नजराना राशि प्रदान की गई;

(ग) गत दो वर्षों में प्रत्येक देवी-देवताओं को दी गई नज़राना राशि का पृथक-पृथक ब्यौरा दें;

(घ) क्या नजराना राशि में देवी-देवता के अनुसार अंतर किया जाता है; यदि हां, तो इसके आधार एवं कारण क्या हैं; और

(ङ) नजराना राशि में प्रतिवर्ष कितनी वृद्धि की जाती है; गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रत्येक देवी-देवता को दी गई नजराना राशि का वर्षवार ब्यौरा दें?

----

## विकास/ प्रसार केंद्र

1906 **श्री लोकेन्दर कुमार** (आनी):

क्या **कृषि मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कृषि विभाग के कितने कार्यालय व विकास/ प्रसार केंद्र कार्यरत हैं; प्रत्येक केंद्र में स्वीकृत, भरे व रिक्त पदों, तैनात अधिकारियों तथा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन देने हेतु तैनात स्टाफ सहित ब्यौरा दें;

(ख) क्या इन कृषि केंद्रों द्वारा किसानों को सब्सिडी पर बीज, खाद, कीटनाशक व उपकरण दिए जा रहे हैं; यदि हां, तो गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक वितरित सामग्री के नाम, मात्रा, लाभार्थियों की संख्या, सब्सिडी की राशि तथा लाभान्वित किसानों का केंद्रवार व वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) इस अवधि में विभाग द्वारा आयोजित योजनाओं, प्रशिक्षण व प्रदर्शन गतिविधियों, लाभार्थियों की संख्या, वितरित सामग्री व व्यय धनराशि का ब्यौरा दें?

----

## हिमकेयर एवं आयुष्मान भारत योजना

1907 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) हिमकेयर एवं आयुष्मान भारत योजना के संबंध में महालेखाकार (ए0जी0) द्वारा किए गए ऑडिट की प्रति तथा ऑडिट के दौरान उठाई गई प्रमाणित एवं अप्रमाणित आपत्तियों का ब्यौरा दें;

(ख) प्रत्येक ऑडिट आपत्ति पर संबंधित विभाग द्वारा क्या कार्रवाई की गई व कितनी ऑडिट आपत्तियां लंबित हैं तथा इनके निस्तारण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ग) यदि किसी अनियमितता के संबंध में विभागीय जांच अथवा एफ0आई0आर0 दर्ज की गई है तो उसका ब्यौरा दें?

----

## पुराना भवन

1908 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालय धनच मानवा के पुराने भवन को आपदा में क्षति पहुंची थी; यदि हां, तो सरकार इस जर्जर भवन को गिराने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक पाठशाला चन्हालग जिसे बंद कर दिया गया था, सरकार उसे दोबारा खोलने का विचार रखती है?

----

## रोज़गार सृजन

1909 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने युवाओं को सरकारी रोज़गार, कौशल विकास एवं स्वरोज़गार योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित किया गया; ब्यौरा दें?

----

**शिमला: 171004.** **यशपाल शर्मा,**
**29 अगस्त, 2026.** **सचिव**